मानव संसाधन विकास समूह
Human Resource Development Group
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
Council of Scientific & Industrial Research

सीएसआईआर - मानव संसाधन विकास समूह
पूसा, नई दिल्ली-110012

विज्ञापन संख्या: एचआरडीजी/जिज्ञासा /01/2026
विज्ञापन की तिथि: 11 नवंबर 2026

वाक-इन-इंटरव्यू (साक्षात्कार)

पदों की कुल संख्या: 5

सीएसआईआर-मानव संसाधन विकास समूह (सीएसआईआर एचआरडीजी) देश के वैज्ञानिक तथा तकनीकी मानव संसाधन को विकसित करने और उनके संवर्धन के लिए सीएसआईआर की नोडल शाखा है। यह डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरेट शोधकर्ताओं, संकाय (फैकल्टी) सदस्यों, वैज्ञानिकों तथा स्कूली छात्रों को अध्येतावृत्ति (फेलोशिप), अनुसंधान अनुदान (रिसर्च ग्रांट), यात्रा एवं संगोष्ठी (सिम्पोजियम) सहायता, एमेरिटस योजनाओं, विज्ञान प्रसार (साइंस आउटरीच) और वैज्ञानिक उत्कृष्टता की मान्यता के माध्यम से सहायता प्रदान करता है।

सीएसआईआर की जिज्ञासा परियोजना वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व (एसएसआर) के अंतर्गत संचालित एक छात्र -केंद्रित विज्ञान प्रसार पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को वास्तविक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं एवं वैज्ञानिकों से जोड़ना तथा प्रयोगशालाओं में अनुसंधान कार्य किस प्रकार किया जाता है इसका प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इसके अंतर्गत सीएसआईआर स्कूली छात्रों/शिक्षकों के अत्याधुनिक सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के दौरों, छात्रों और शिक्षकों के लिए व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) सत्रों, स्कूलों में सीएसआईआर वैज्ञानिकों के दौरों आदि को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, सीएसआईआर ने जिज्ञासा परियोजना के तहत एक वर्चुअल लैब (आभासी प्रयोगशाला) भी विकसित की है जो एक डिजिटल शिक्षण मंच है, जिससे दूर-दराज के स्थानों से भी विज्ञान तक पहुंच सक्षम हो सकेगी।

सीएसआईआर- मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर जिज्ञासा परियोजना के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है जो सम्पूर्ण भारत में स्थित सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में जिज्ञासा गतिविधियों के कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन का प्रबंधन करता है।

सीएसआईआर-मानव संसाधन विकास समुह, नई दिल्ली में **"सीएसआईआर जिज्ञासा: अनुसंधान एवं विकास के प्रसार तथा नवाचार के लिए वैज्ञानिकों और स्कूली छात्रों को जोड़ना" (HCP002601)** नामक परियोजना में काम करने के लिए आवश्यक शैक्षणिक और कार्य आवश्यकताओं को पूरा करने वाले पात्र

उम्मीदवारों (भारतीय नागरिकों) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह आबद्धता पूर्णतः अस्थायी और अनुबंध के आधार पर है। यह आबद्धता प्रारंभ में 31 मार्च 2027 तक होगी और अधिकतम 31 मार्च 2031 तक होगी, अर्थात् परियोजना की समाप्ति के साथ स्वतः समाप्त हो जाएगी। 31 मार्च 2027 के बाद किसी भी परियोजना स्टाफ के कार्यकाल का विस्तार वर्ष के अंत में या उससे पहले, जैसा भी आवश्यक समझा जाए, एक समीक्षा समिति द्वारा समीक्षा के अधीन होगा। पदस्थापना का स्थान **सीएसआईआर- मानव संसाधन विकास समुह, पूसा, नई दिल्ली** होगा। पदों और पात्रता का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**पद / पद कोड**	**पदों की संख्या**	**मासिक परिलब्धियां (रु.)**	**अनिवार्य योग्यताएं**	**वाक-इन-इंटरव्यू की तिथि**	**अधिकतम आयु सीमा (साक्षात्कार की तिथि के अनुसार)**
1.	परियोजना वैज्ञानिक- II कोड: JP001	1	67,000 रुपये + मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए) (उसी परियोजना में प्रत्येक 2 वर्ष के अनुभव के लिए 5% की वृद्धि)	विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री (**या)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में मास्टर्स / इंटीग्रेटेड मास्टर्स **और** औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों तथा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में 5 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव।	30 नवंबर 2026	40* (नियमों के अनुसार आयु में छूट)
2.	परियोजना वैज्ञानिक- I कोड: JP002	1	56,000 रुपये + मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए) (उसी परियोजना में प्रत्येक 2 वर्ष के अनुभव के लिए 5% की वृद्धि)	विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री (**या)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में मास्टर्स / इंटीग्रेटेड मास्टर्स **और** औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों तथा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में 4 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव।	30 नवंबर 2026	35* (नियमों के अनुसार आयु में छूट)
3.	प्रधान परियोजना सहयोगी	1	49,000 रुपये + मकान किराया भत्ता (एच.आर. ए)	प्राकृतिक या कृषि या भेषज (फार्मास्युटिकल) विज्ञान/ एम.वी.एस.सी / पशु विज्ञान में	30 नवंबर 2026	40* (नियमों के अनुसार आयु में छूट)

क्र. सं.	पद / पद कोड	पदों की संख्या	मासिक परिलब्धियां (रु.)	अनिवार्य योग्यताएं	वाक-इन-इंटरव्यू की तिथि	अधिकतम आयु सीमा (साक्षात्कार की तिथि के अनुसार)
	कोड: JP003			मास्टर्स / इंटीग्रेटेड मास्टर्स (**या)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक की डिग्री **और** औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों तथा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में 6 वर्ष का अनुभव। **या** (ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में मास्टर्स / इंटीग्रेटेड मास्टर्स (**या)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से विज्ञान / इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी / फार्मा / एम.डी / एम.एस में डॉक्टरेट की डिग्री **और** औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों तथा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में 3 वर्ष का अनुभव।		
4.	वरिष्ठ परियोजना सहयोगी कोड: JP004	2	42,000 रुपये + मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए)	प्राकृतिक या कृषि या भेषज (फार्मास्युटिकल) विज्ञान / एम.वी.एस.सी / पशु विज्ञान में मास्टर्स / इंटीग्रेटेड मास्टर्स (**या)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक	30 नवंबर 2026	40* (नियमों के अनुसार आयु में छूट)

क्र. सं.	पद / पद कोड	पदों की संख्या	मासिक परिलब्धियां (रु.)	अनिवार्य योग्यताएं	वाक-इन-इंटरव्यू की तिथि	अधिकतम आयु सीमा (साक्षात्कार की तिथि के अनुसार)
				की डिग्री **और** औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों तथा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में 3 वर्ष का अनुभव। **या** (ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में मास्टर्स / इंटीग्रेटेड मास्टर्स (**या)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से विज्ञान / फार्मा / एम.डी / एम.एस में डॉक्टरेट की डिग्री।		

[* **आयु सीमा में छूट:** अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग / महिला श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में छूट पांच वर्ष होगी और अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी के लिए तीन वर्ष होगी]

नोट: (i) जहाँ पी.एचडी. अनिवार्य योग्यता है, वहाँ पी.एचडी. (जमा कर चुके) उम्मीदवार पात्र नहीं हैं। (ii) अंतिम सेमेस्टर और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवार उपरोक्त पदों के लिए पात्र नहीं हैं।

वांछनीय अनुभव:

- परियोजना प्रबंधन और समन्वय में अनुभव।
- छात्र अनुकूल कार्यक्रमों के आयोजन और उसके प्रबंधन का अनुभव।
- नीति संबंधी मामलों पर कार्य करने का अनुभव।
- डेटा विश्लेषण
- परियोजना प्रगति रिपोर्ट लिखने, सम्मेलन पोस्टरों को डिजाइन करने, स्लाइड प्रस्तुतीकरण का अनुभव।
- प्रोग्रामिंग और कोडिंग का बुनियादी ज्ञान।
- प्रोग्रामिंग और कोडिंग के ज्ञान सहित आईटी कौशल।
- विक्रेता प्रबंधन कौशल।
- ग्राफिक डिजाइनिंग।
- विज्ञान संचार, आउटरीच और विज्ञान नीति में ज्ञान और अनुभव।

कार्य की प्रकृति:

- **परियोजना वैज्ञानिक II** - सीएसआईआर-एचआरडीजी की ओर से परियोजना में सहायता और समन्वय करना; जिज्ञासा परियोजना के तहत गतिविधियों का शुरू से अंत तक नियोजन, निष्पादन और प्रबंधन।
- **परियोजना वैज्ञानिक I** - कार्यक्रम प्रबंधन, छात्र अनुकूल प्रतियोगिताओं और आउटरीच कार्यक्रमों का संचालन; सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के साथ जिज्ञासा वर्चुअल लैब गतिविधियों का समन्वय, नीतिगत मामलों पर कार्य करना आदि।
- **प्रधान परियोजना सहयोगी** - जिज्ञासा परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, जिज्ञासा समाचार पत्र (न्यूज़लेटर) का समन्वय, डेटा विश्लेषण, प्रभाव विश्लेषण, विज्ञान संचार और नीति संबंधी गतिविधियाँ।
- **वरिष्ठ परियोजना सहयोगी** - जिज्ञासा वर्चुअल लैब के आईटी से संबंधित बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करना; जिज्ञासा गतिविधियों का ऑनलाइन प्रचार, जिज्ञासा समाचार पत्रों, बैनरों और पोस्टरों को डिजाइन करना। सीएसआईआर-एचआरडीजी की ओर से परियोजना के समन्वय में सहायता करना।

चयन का प्रक्रिया: उम्मीदवारों को **30.11.2026 को सुबह 9.00 बजे से सुबह 11.00 बजे** तक सीएसआईआर-एचआरडीजी, पूसा स्वागत पटल (रिसेप्शन डेस्क) पर रिपोर्ट करना होगा। (सुबह 11.00 बजे के बाद उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा)। परियोजना कर्मचारियों का चयन (a) शैक्षणिक रिकॉर्ड, और/या (b) साक्षात्कार पर आधारित होगा।

- **वाक-इन-इंटरव्यू की तिथि:** 30.11.2026
- **रिपोर्टिंग का समय** : सुबह 09:00 बजे से सुबह 11:00 बजे तक
- **स्थान** : सीएसआईआर एचआरडीजी, सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली- 110012

आवेदन कैसे करें

पात्र और इच्छुक भारतीय राष्ट्रीय उम्मीदवारों को इस विज्ञापन के साथ दिए गए विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के साथ, निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के एक सेट के साथ उपरोक्त निर्धारित तिथि और समय पर वाक-इन-इंटरव्यू के लिए सीएसआईआर-एचआरडीजी, सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली - 110012 में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना आवश्यक है: (i) शैक्षणिक योग्यता, (ii) आयु, (iii) श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग उम्मीदवारों के मामले में), (iv) एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, (v) अनुभव प्रमाण पत्र, यदि कोई हो; और (vi) विस्तृत बायोडाटा आदि। सत्यापन के लिए मूल प्रमाण पत्र आवश्यक हैं, जिन्हें सत्यापन के बाद उसी दिन तुरंत वापस कर दिया जाएगा।

सामान्य दिशानिर्देश

1. परियोजना के अंतर्गत कर्मचारियों की नियुक्ति संविदा के आधार पर की जाएगी तथा उनकी नियुक्ति परियोजना की अवधि के साथ सह-समाप्त (अर्थात् 31 मार्च, 2031 तक) होगी। यह आबद्धता प्रारंभ में 31 मार्च 2027 तक होगी और 31 मार्च 2027 के बाद परियोजना स्टाफ के कार्यकाल का विस्तार वर्ष के अंत में या उससे पहले, जैसा भी आवश्यक समझा जाए, एक समीक्षा समिति द्वारा समीक्षा के अधीन होगा। **हालांकि, किसी भी परिस्थिति में सीएसआईआर- मानव संसाधन विकास समुह या सीएसआईआर की किसी अन्य प्रयोगशाला/ संस्थान में पहले से अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के अंतर्गत अनुबंधित रूप से शामिल होने वाले परियोजना स्टाफ का कुल कार्यकाल छह वर्ष की अवधि से अधिक होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
2. उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए आवेदन के साथ साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू) के लिए आना आवश्यक है, और सत्यापन के लिए आयु, योग्यता और अनुभव के समर्थन में सभी मूल प्रमाण पत्र और डिग्रियां तथा उनकी स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट साथ लाना होगा। किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
3. उच्चतर आयु सीमा का निर्धारण साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू) की तारीख के आधार पर किया जाएगा
4. केवल वे उम्मीदवार ही साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू) में उपस्थित होने के पात्र हैं जिन्होंने अनिवार्य योग्यता प्राप्त कर ली है और जिनका परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा चुका है (कम से कम एक अनंतिम प्रमाण पत्र होना चाहिए)।
5. जिन उम्मीदवारों का परीक्षा परिणाम प्रतीक्षित है अथवा जो अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, वे उन पदों के लिए साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू) में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे जिनके लिए संबंधित न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का पूर्ण होना आवश्यक है।
6. जहाँ अनुभव अनिवार्य है, वहाँ अनुभव की गणना न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि के बाद से की जाएगी। शैक्षणिक अवधि के दौरान किए गए शोध-प्रबंध (डिसर्टेशन)/थीसिस कार्य को कार्यानुभव के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा।
7. न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता से उच्चतर शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि को अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के उपरांत प्राप्त कार्यानुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।
8. केवल न्यूनतम योग्यता पूरी करने से किसी उम्मीदवार को चयन का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
9. सीएसआईआर-मा.स.वि.स किसी भी स्तर पर किसी भी सूचीबद्ध उम्मीदवार की किसी भी विसंगति के मामले में आबद्धता के प्रस्ताव को रद्द करने या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
10. परियोजना स्टाफ की संविदात्मक नियुक्ति को एक महीने का नोटिस देकर बिना कोई कारण बताए किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति कार्य से मुक्त होना चाहता है, तो वह एक महीने की नोटिस अवधि देकर या उसके बदले एक महीने का पारिश्रमिक देकर ऐसा कर सकता है, जिसे सक्षम प्राधिकारी के विवेक के आधार पर माफ/कम/बढ़ाया जा सकता है।

11. परियोजना स्टाफ को परियोजना में अपने कार्यकाल के दौरान अपनी आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। हालांकि, प्रायोजक एजेंसी के लागू नियमों के अनुसार मकान किराया भत्ता (एचआरए) देय होगा।
12. पदों की संख्या बढ़ या घट सकती है।
13. साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू) में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।
14. स्थायी पद के लिए किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
15. अन्य नियम एवं शर्तें, उपर्युक्त परियोजना स्टाफ की नियुक्ति के संबंध में वित्तपोषण एजेंसी/सीएसआईआर-मानव संसाधन विकास समूह द्वारा समय-समय पर जारी एवं संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार शासित होंगी।
16. किसी भी रूप में संयचना करने और राजनैतिक या अन्य प्रभाव डालने पर उसे निरर्हत माना जाएगा।

नोट:

- उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, साक्षात्कार(इंटरव्यू) की प्रक्रिया अगले दिन भी जारी रह सकती है। उम्मीदवारों को तदनुसार आवश्यक व्यवस्था करने की सलाह दी जाती है।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित आवेदन पत्र (विज्ञापन के साथ संलग्न) भरें, एक हालिया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं, फोटोग्राफ पर हस्ताक्षर करें और आवेदन के साथ सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट जमा करें।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार (वाक-इन-इंटरव्यू) के समय सत्यापन के लिए सभी मूल दस्तावेज साथ लाएं।

मानव संसाधन विकास समूह
Human Resource Development Group
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
Council of Scientific & Industrial Research

सीएसआईआर-मानव संसाधन विकास समूह

पूसा, नई दिल्ली-110012

परियोजना कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए आवेदन

[सभी विवरण ब्लॉक / बड़े अक्षरों में भरें]

विज्ञापन संख्या: एचआरडीजी/जिज्ञासा /01/2026

किस पद के लिए आवेदन किया है

_____

पद _____

केवल कार्यालय उपयोग के लिए	**नीचे दिए गए बॉक्स में हालिया पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाएं और हस्ताक्षर करें**

व्यक्तिगत विवरण

1. उम्मीदवार का नाम: _____
2. माता / पिता / पति का नाम: _____
3. (लिंग (पुरुष / महिला / अन्य)): _____
4. श्रेणी (अनु.जाति / अनु.जनजाति / अ.पि.व. नॉन-क्रीमी लेयर / ई.डब्ल्यू.एस / अनारक्षित):
   _____
5. जन्म तिथि (दिनांक/माह/वर्ष): _____
6. साक्षात्कार की तिथि के अनुसार आयु: _____ वर्ष _____ माह _____ दिन

7. राष्ट्रीयता: _____

8. पत्राचार का पता (पिन कोड सहित):

   _____

9. स्थायी पता (पिन कोड सहित):

   _____

10. ई-मेल: _____ मोबाइल नंबर: _____

शैक्षणिक योग्यता (10वीं कक्षा से आगे)

उत्तीर्ण परीक्षा	**डिग्री/डिप्लोमा का नाम**	**विषय**	**प्राप्त अंक / अधिकतम अंक**	**अंकों का %**	**बोर्ड / विश्वविद्यालय**	**उत्तीर्ण करने का वर्ष**
10वीं						
12वीं / डिप्लोमा						
स्नातक						
स्नातकोत्तर						
पीएच.डी. /विद्यावाचस्पति						
अन्य						

अतिरिक्त / व्यावसायिक योग्यता

क्र. सं.	**पाठ्यक्रम / डिग्री**	**बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्थान**	**उत्तीर्ण करने का वर्ष**

अनुभव :

क्रम संख्या	संगठन/संस्थान	पद (वेतन के साथ)	अवधि (से)	अवधि (तक)	कुल अवधि	कार्य की प्रकृति

सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में अनुभव, निम्नलिखत विवरण के अनुसार:

क्रम संख्या	सीएसआईआर की प्रयोगशाला/संस्थान का नाम	पद (वेतन के साथ)	अवधि (से)	अवधि (तक)	कुल अवधि	कार्य की प्रकृति

अतिरिक्त जानकारी:

15. प्रकाशनों की सूची (यदि कोई हो) — विवरण दें; यदि आवश्यक हो तो अनुलग्नक संलग्न करें:

• शोध पत्र

• सम्मेलन पत्र / सारांश

• पुस्तक अध्याय

• लोकप्रिय विज्ञान लेख (पत्रिकाएं / समाचार पत्र, आदि)

16. तैयार की गई छात्र-अनुकूल सामग्री की सूची (यदि कोई हो) — विवरण दें; यदि आवश्यक हो तो अनुलग्नक संलग्न करें:

17. तैयार किए गए ग्राफिक डिज़ाइन / एनिमेशन की सूची (यदि कोई हो) — विवरण दें; यदि आवश्यक हो तो अनुलग्नक संलग्न करें:

18. लोकप्रिय लेखन / सोशल मीडिया प्रबंधन का अनुभव (यदि कोई हो):

19. उन प्रासंगिक सॉफ्टवेयरों की सूची बनाएं जिनमें आप निपुण हैं:

अन्य विवरण

20. सीएसआईआर-एचआरडीजी / सीएसआईआर में कार्यरत निकट संबंधियों का विवरण, यदि कोई हो:

_____

_____

_____

_____

21. अपने अधिकतम दस सर्वश्रेष्ठ प्रकाशन / कार्य (हार्ड कॉपी) और/या ऑडियो-वीडियो सामग्री (पेन ड्राइव में) साथ लाएं।

22. संलग्नकों की सूची:

क्र.सं.	**दस्तावेज़**	**चेक बॉक्स**

वचनबंध

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता/समझती हूं कि आबद्धता से पहले या बाद में कोई भी जानकारी गलत पाए जाने या अपात्रता का पता चलने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी/आबद्धता निरस्त किए जाने के योग्य है। इसके अतिरिक्त, मैं यह भी घोषणा करता/करती हूं कि मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा कभी भी दोषसिद्ध नहीं ठहराया गया है।

नाम: **तिथि सहित हस्ताक्षर:**

तिथि:
स्थान: